
मिशन शिक्षण संवाद



# हमारे क्रान्तिकारी

देश भक्ति से ओत-प्रोत शैक्षिक रचनाओं का संकलन



संकलन

काव्यांजलि टीम

मिशन शिक्षण संवाद

Scanned with Cam



# मिशन शिक्षण संवाद

## हमारे क्रान्तिकारी

15 अगस्त 2020

# रास बिहारी बोस

01



नाम था इनका रासबिहारी,
हिम्मत इन्होंने कभी न हारी।
1886 में रास बिहारी जन्मे,
वर्धमान जिला जो बंगाल में।।

लार्ड हार्डिंग पर बम गिराया,
देखो इन्होंने 1912 में।
जो गलती से जा गिरा,
जो कैलेंडर की गाड़ी में।।

फरमान जारी किया गया,
इनको गिरफ्तार करने का।
तरीका उनको सूझा,
जापान चले जाने का।।

जापान में आजाद हिन्द फौज की स्थापना,
उद्देश्य था इनका अंग्रेजो के खिलाफ लड़ना।
गदर पार्टी में ये देखो सबसे मिले,
युगांतर समिति से भी ये थे जुड़े।।



रचनाकार-
आकांक्षा मिश्रा (स०अ०)
प्रा० वि० सिंकन्दरपुर
सुरसा, हरदोई




# मिशन शिक्षण संवाद

## हमारे क्रान्तिकारी

15 अगस्त 2020

# खुदीराम बोस

02



क्रांतिकारी खुदीराम बोस

तीन दिसम्बर अट्ठारह सौ नवासी,
जन्मा जो बंगाल में।
शहीद हुए थे खुदीराम बोस,
मात्र 19 साल में।।

देश की खातिर जंग-ए-आजादी में,
वो कूद पड़े।
क्रान्तिकारी बनकर,
अंग्रेजों से वो खूब लड़े।।

हाथ में गीता लेकर,
चढ़ गए फाँसी पर।
खुशी से मौत गले लगाई,
फंदा चूम कर।।

खुदीराम के नाम की धोती,
आई फिर प्रचलन में।
उनकी शहादत लोकप्रिय,
हो गई थी जन-जन में।।



शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

रचना- पूनम गुप्ता (स०अ०)
प्रा० वि० धनीपुर
धनीपुर, अलीगढ़



Scanned with Cam



# मिशन शिक्षण संवाद


## हमारे क्रान्तिकारी

15 अगस्त 2020

# दामोदर चापेकर

03

22 जून 1897 में हुआ धमाका,
प्रथम क्रान्ति का बिगुल बजा।
रैंड को मौत के घाट उतारा,
सन्नाटे में दामोदर चापेकर नाम पुकारा।।



24 जून, 1869 में जन्मे,
पुणे के ग्राम चिंचवाड़ा में।
छटा अँधियारा हुआ उजाला,
पिता हरिपन्त के आँगन में।।

सैनिक बनने की इच्छा लिए मन में,
कूद पड़े आजादी के महासंग्राम में।
कहते हर आदमी के हाथ हो तलवार,
बनो सभी शिवाजी, बाजीराव।।


राष्ट्रीय संग्राम जीवन जोखिम उठाना होगा,
गोरों को देश से मार भगाना होगा।
तोड़ गुलामी की जंजीरों को,
मातृभूमि को आजाद कराना होगा।



रचनाकार
रूखसाना बानो (स०अ०)
कम्पोजिट वि० अहरौरा
जमालपुर, मिर्जापुर



Scanned with Ca




# मिशन शिक्षण संवाद

## हमारे क्रान्तिकारी

15 अगस्त 2020

# बाल गंगाधर तिलक

04



क्रान्तिकारियों की बात जब आए,
लोकमान्य तिलक का नाम सुहाए।
स्वतन्त्रता संग्राम में भाग लिए थे,
स्वराज अधिकार का नारा दिए थे।

लाल, बाल, पाल में मुख्य नेता,
लोक उन्हें लोकमान्य कहता।
मराठा दर्पण, केसरी समाचार,
लोकप्रिय दो दिए अखबार।

गरमदल में ये शामिल हो गए,
विवाह की न्यूनतम आयु दे गए।
अन्याय के विरूद्ध आवाज़ उठाएं,
श्रद्धा से सब शीश झुकाएं।।

क्रान्तिकारी धारा के नेता,
हर कोई उन्हें सेनानी कहता।
स्वतन्त्रता संग्राम में महान आहुति,
चहुँ ओर फैली उनकी कीर्ति।।



शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

रचनाकार
आयुषी अग्रवाल (स०अ०)
कम्पोजिट वि० शेखूपुर खास
कुन्दरकी (मुरादाबाद)



Scanned with Cam



# मिशन शिक्षण संवाद

## हमारे क्रान्तिकारी

15 अगस्त 2020

# लाला लाजपत राय

05



भारत की आजादी के थे उनके ख्वाब,
अंग्रेजों को देते करारा जवाब।
स्वाधीनता के लिए उनका काम,
था उनका लाला लाजपतराय नाम।।

आजादी के लिए किया बलिदान,
लाला जी थे देशभक्त महान।
खुलकर किया उन्होंने बहिष्कार,
अपने राष्ट्र से करते थे वो प्यार।।

निज प्राणों का बलिदान दिया,
अपना सर्वस्व भारत को दान किया।
विद्यालय खोलकर सबको ज्ञान दिया,
क्रान्तिकारी बनकर रोशन नाम किया।।

लाला जी की कुर्बानी रंग लाई,
स्वतन्त्रता की भोर तब जगमगाई।
अंग्रेजो की लाठी भी कुछ न कर पाई,
सबने लाला जी की वीरगाथा गाई।।



रचनाकार
स्वप्रिल बाजपेई (स०अ०)
प्रा० वि० रेंगना
अमौली, फतेहपुर

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।



Scanned with Cam



# मिशन शिक्षण संवाद

## हमारे क्रान्तिकारी

# भगत सिंह

15 अगस्त 2020

06



28 सितम्बर 1907 में,
जन्मा था एक वीर जवान।
नाम था जिसका भगत सिंह,
वीरों में था वीर महान।।

लाहौर में साण्डर्स की हत्या की,
दिल्ली की संसद में बम विस्फोट किया।
ब्रिटिश साम्राज्य को दी चुनौती,
असेम्बली में बम फेंका, साइमन का विरोध किया।।

वीरों के समान किया आन्दोलन,
कायर बन न पीठ दिखाई।
आज भी याद है वह बातें,
जो उन्होंने तब बताई।।

मैं एक ऐसा पागल हूँ,
जो जेल में भी आज़ाद है।
फाँसी पर हँसकर लटक गए,
बोले "इंक़लाब ज़िन्दाबाद" है।।



रचना

हेमलता गुप्ता (स०अ०)
प्रा०वि० मुकन्दपुर
लोधा, अलीगढ़

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।



# मिशन शिक्षण संवाद

## हमारे क्रान्तिकारी

15 अगस्त 2020

# शचीन्द्र सान्याल

07



काशी की पवित्र भूमि पर,
जन्मा था एक लाल।
प्रथम क्रान्तिकारी आजादी का,
नाम शचीन्द्र सान्याल।।

वासिनी देवी माता उसकी,
पिता हरिनाथ सान्याल।
क्रान्तिकारी परिवार था,
थे क्रान्तिकारी संस्कार।।

गदर पार्टी के अनुयायी थे,
अनुशीलन समिति के संचालक।
भगत सिंह के साथी थे,
थे मानवता के प्रेरक।।

ऐसे वीरों के बलिदानों को,
हम सदा रखेंगे याद।
अपना सबकुछ खोकर भी,
किया देश आजाद।।



रचनाकार

डॉ० नीतू शुक्ला (प्र०अ०)
मॉडल प्राइमरी स्कूल बेथर- 1
सिकंदरपुर कर्ण, उन्नाव



Scanned with Cam



# मिशन शिक्षण संवाद

## हमारे क्रान्तिकारी

15 अगस्त 2020

# रामप्रसाद बिस्मिल

08



1887 को बिस्मिल जी जन्मे,
उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में।।
माता मूलमती थी पिता मुरलीधर,
अंग्रेजों से इनको लगता कभी न डर।।

क्रान्तिकारी धारा के प्रमुख थे सेनानी,
आज भी हम सब पढ़ते हैं ये कहानी।
चुरा कर थे वे देखो उपन्यास पढ़ते,
हर पल देश के लिए सपने गढ़ते।।

कवि शायर और प्रसिद्ध साहित्यकार,
अनुवादक के साथ देखो इतिहासकार।
1916 में शोभा यात्रा निकाली तिलक जी की,
लखनऊ में देखो फैली चिंगारी क्रान्तिकारी की।।

काकोरी काण्ड में देखो यह शामिल हुए,
अंग्रेजों द्वारा इन पर अनेक अभियोग लगे।
19 दिसम्बर 1927 को गोरखपुर में दी गई फाँसी,
देश भर में प्रस्तुत की नवीन क्रान्ति की झाँकी।।



रचनाकार

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

सुधांशु श्रीवास्तव (स०अ०)
प्रा० वि० मणिपुर
ऐरायां, फतेहपुर




# मिशन शिक्षण संवाद

## हमारे क्रान्तिकारी

15 अगस्त 2020

## चन्द्रशेखर आजाद

09



भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम के,
महानायक कहलाते हैं।
युवा क्रान्तिकारी के रूप में,
आज भी याद किये जाते हैं।।

बेबाक, बेखौफ, अडिग,
साहसी, अन्दाज़ अपनाये थे।
आजादी के आन्दोलनों में,
अहम भूमिका निभाये थे।।

मैं हूँ आजादी का दीवाना,
मेरा नाम आज़ाद है।
मेरे पिता का नाम स्वतन्त्रता,
और पता कारावास है।।

ऐसे करारे जवाबों से अंग्रेजों,
का मुँह बन्द कराए थे।
जीते जी चन्द्रशेखर आजाद,
अंग्रेजों के हाथ न आए थे।।



रचनाकार

शहनाज़ बानो (स०अ०)
पू० मा० वि० भौंरी-1
मानिकपुर, चित्रकूट

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।




# मिशन शिक्षण संवाद

## हमारे क्रान्तिकारी

15 अगस्त 2020

## ठाकुर रोशन सिंह

10



शूरवीर रोशन सिंह क्रान्तिकारी हुए थे,
माता कौशल्या, पिता ठाकुर जंगी सिंह थे।
22 जनवरी, 1892 को जन्म लिया,
गाँव नबादा शाहजहांपुर को गौरव दिया।।

इलाहाबाद नैनी जेल की काल-कोठरी में,
पत्र लिखा बताया मित्र फाँसी एक सप्ताह में।
दु:खी हुए न मौत से बने हुए वो शोले थे,
हँसते हुए फाँसी पर वन्देमातरम बोले थे।।

असहयोग आन्दोलन में भी साथ दिया,
काकोरी के झूठे आरोपों में गिरफ्तार किया।
ब्रिटिश सरकार न मानी दोषी करार दिया,
सीना तान चले तो अंग्रेजों को दहला दिया।।

मुखबिरी नहीं की फाँसी को चूमा,
काल कोठरी छोड़ी गायत्रीमंत्र बोल झूमा।
वीर रोशन फाँसी पर भी हर्षाते हैं,
अन्तिम साँसों तक वंदेमातरम गाते हैं।।



**रचनाकार**

नैमिष शर्मा (स०अ०)
परि० संवि० पू०मा० वि० तेहरा
मथुरा, मथुरा



# मिशन शिक्षण संवाद

## हमारे क्रान्तिकारी

15 अगस्त 2020

## राजेन्द्रनाथ लाहिड़ी

11



स्वतन्त्रता संग्राम भारत के,
मुख्य स्वतन्त्रता सेनानी थे।
नाम राजेन्द्रनाथ लाहिड़ी,
देशभक्त क्रान्तिकारी थे।।

बांग्लादेश के पटना जिले में,
लिया जन्म 29 जून 1901 में।
क्षितिमोहन लाहिड़ी के घर में,
शिक्षा- दीक्षा हुई वाराणसी में।।

देशप्रेम के भाव भरे रग- रग में,
प्रभावित हुए शचीन्द्रनाथ सान्याल से।
सम्पादन किया बंगवाणी पत्रिका का,
आगाज किया क्रांतिकारी आन्दोलन का।।

योजना बनी सरकारी धन लूटने की,
चेन खींची लखनऊ पैसेंजर रेल की।
तब तिथि थी 9अगस्त 1925 की,
जब घटना घटी काकोरी काण्ड की।।



शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

रचनाकार
प्रतिमा उमराव स०अ०
कम्पोजिट विद्यालय अमौली
अमौली,फतेहपुर



Scanned with Cam



# मिशन शिक्षण संवाद

## हमारे क्रान्तिकारी

15 अगस्त 2020

# अशफाक उल्ला खां

12

जब होगी क्रान्ति और बलिदान की बात,
याद आयेंगे हसरत वारसी अशफाक।
भारत के अमर शहीद क्रान्तिवीर,
दिलाई आजादी तोड़ी गुलामी की जंजीर।।



पेश की हिन्दू-मुस्लिम एकता की मिसाल,
बिस्मिल थे दोस्त बेमिसाल।
भूमिका थी काकोरी काण्ड में प्रमुख,
किया हिन्दू-मुस्लिम एकता को मजबूत।।

जन्मे 22 अक्टूबर, 1900 शाहजहांपुर में,
मोहम्मद शफीक उल्लाह के घर में।
रुचि थी तैराकी, घुड़सवारी, निशानेबाजी में,
उर्दू के शायर शौक था कविता लेखन में।।

मातृभूमि जिसके लिए थी सर्वोपरि,
थे अशफाक उल्ला खां वह क्रान्तिवीर।
झूल गए फाँसी के फन्दे पर हँसते-हँसते,
सन 1927 में फैजाबाद कोर्ट में लड़ते-लड़ते।।



रचनाकार
सुमन पांडेय (प्र०अ०)
प्रा० वि० टिकरी मनौटी
खजुहा, फतेहपुर



Scanned with Cam



# मिशन शिक्षण संवाद

## हमारे क्रान्तिकारी

15 अगस्त 2020

# मास्टर सूर्यसेन

13



सूर्य सेन नाम जिनका था,
सूर्य जैसी रखते थे आभा।
नोआपाड़ा इलाका चटगांव का,
जन्म से था इनके पावन हुआ।।

देश की रक्षा की खातिर,
बिगुल क्रान्ति का बजाया।
क्रान्तिकारी बनकर गुरु ने,
सशक्त सेना की कमान थामी।।

इण्डियन रिपब्लिकन आर्मी का,
किया कुशल नेतृत्व आपने।
थर-थर शत्रु काँप रहा था,
रुख जिधर किया आपने।।

अन्त तक क्रान्ति की जलाए रखी मशाल,
चूम फाँसी का फंदा कर दिया कमाल।
स्वतंत्र भारत का सपना था संजोया अन्त तक,
हार न मानी थी आपने मरते-दम तक।।



रचना- सीमा कुमारी (स०अ०)
प्रा० वि० कादरीबाग
डिबाई, बुलंदशहर



# मिशन शिक्षण संवाद

## हमारे क्रान्तिकारी

15 अगस्त 2020

## रानी गाइदिन्ल्यू

14

देवी थी अध्यात्म की वो,
रानी गाइदिन्ल्यू उनका नाम।
26 जनवरी 1915 को जन्मी,
पिता थे लोथोनाग।।

नंग्कओ, मणिपुर जन्मस्थली,
अल्पआयु से ही हुई महान।
नागा नेता जादोनाग संग,
सशस्त्र सेना का किया निर्माण।।

धर्म सनातन की रक्षक बन,
समाज सेवा की अलख जगाई।
सहस्त्र सैनिक ले छापा युद्ध से,
अंग्रेजों मे खलबली मचाई।।

ताम्रपत्र और पद्मभूषण सम्मानित,
नागालैण्ड की रानी हमारी।
भारत सरकार ने सम्मान में उनके,
1996 में डाक टिकट किए जारी।।



नागालैंड की रानी





भारत सरकार द्वारा जारी डाक टिकट



रचना- पुष्पा पटेल (प्र०अ०)
प्रा० वि० संग्रामपुर
चित्रकूट, चित्रकूट

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।



Scanned with Cam




# मिशन शिक्षण संवाद

## हमारे क्रान्तिकारी

15 अगस्त 2020

# रानी लक्ष्मीबाई

15



अपना यश कीर्ति लिए,
जब आहुति देती है नारी।
तब-तब धरती में पैदा होती,
लक्ष्मी बाई अवतारी।।

रहा संग मनु का बचपन से,
बरछी ढाल कृपाण कटारी।
शौर्य, पराक्रम, दया, वीरता,
साहस में अंग्रेज़ी सेना हारी।।

धूल चटा दी हर दुश्मन को,
जिसने झाँसी का अपमान किया।
मर्दानी की परिभाषा बनकर,
आजादी का पैगाम दिया।।

आज याद करें हम उनकी,
सत्तावन की तलवार पुरानी।
शत शत नमन करें हम सब,
मर्दानी झाँसी की रानी।।



रचना
उमेश गौतम (स०अ०)
कंपोजिट वि० रामपुर
मानिकपुर, चित्रकूट



Scanned with Cam

# मिशन शिक्षण संवाद

## हमारे क्रान्तिकारी

### ◆◆ रचनाकारों की सूची ◆◆

1. आकांक्षा मिश्रा, हरदोई
2. पूनम गुप्ता, अलीगढ़
3. रुखसाना बानो, मिर्जापुर
4. आयुषी अग्रवाल, मुरादाबाद
5. स्वप्निल बाजपेई, फतेहपुर
6. हेमलता गुप्ता, अलीगढ़
7. डॉ नीतू शुक्ला, उन्नाव
8. सुधांशु श्रीवास्तव, फतेहपुर
9. शहनाज़ बानो, चित्रकूट
10. नैमिष शर्मा,मथुरा
11. प्रतिमा उमराव, फतेहपुर
12. सुमन पांडेय, फतेहपुर
13. सीमा कुमारी, बुलंदशहर
14. पुष्पा पटेल, चित्रकूट
15. उमेश गौतम, चित्रकूट

### ◆◆ टेक्निकल सहयोग ◆◆

1. नमिता राजपूत, मुरादाबाद
2. नाज़िया परवीन, मुरादाबाद
3. अरविन्द सिंह, बनारस

### ◆◆ मार्गदर्शन ◆◆

राजकुमार शर्मा, चित्रकूट

संकलन:- मिशन शिक्षण संवाद

Scanned with Can